**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**16.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**पीएम–माई गॉव**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले दशक में देशभर में बुनियादी ढांचे में सुधार का काम रिकॉर्ड स्तर पर हुआ है। सोशल मीडिया पर आज माई गॉव की एक पोस्ट साझा करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए अगली पीढ़ी की अवसंरचना तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। माई गॉव पोस्ट में पिछले 12 वर्षों में देश के बुनियादी ढांचे में आए बदलावों का उल्लेख किया गया है। इन बदलावों से आवाजाही तेज हुई है, लॉजिस्टिक्स को मज़बूती मिली है और विकास के नए मार्ग खुले हैं।

------------------------------------------------------------------

**जनगणना**

प्रदेश में जनगणना 2027 का पहला चरण आज से औपचारिक रूप से शुरू हो गया है। इस चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है। ये जनगणना आगामी 15 जुलाई तक संचालित की जाएगी। आज से 15 जुलाई 2026 तक प्रगणक घर–घर जाकर मकान और परिवारों की जानकारी जुटाएंगे। इस दौरान मकान की स्थिति'' परिवार की संरचना, पेयजल, बिजली, शौचालय, अनाज और घरेलू उपकरणों की उपलब्धता जैसे 33 आधिकारिक प्रश्न पूछे जाएंगे। ये डेटा देश की विकास योजनाओं के लिए बेहद जरूरी होगा। निदेशालय ने लोगों से इस राष्ट्रीय कार्य में पूरा सहयोग देने का आग्रह किया है।

------------------------------------------------------------------

**सरकार 12 साल–आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांत के आधार पर भारत में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इस दौरान

सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। आतंकवाद के खिलाफ सरकार की शून्य सहिष्णुता नीति के बारे में पेश है

-----------------------------------------------------------------

**पायल वैद्य**

प्रदेश भाजपा महामंत्री पायल वैद्य ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना में बार–बार किए जा रहे संशोधनों को लेकर कांग्रेस सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान प्रदेश की महिलाओं से बड़े–बड़े वायदे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद सरकार उन्हें पूरा नहीं कर पाई है। पायल वैद्य ने कहा कि सरकार ने इस योजना का दायरा और सीमित करते हुए 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग की युवतियों को भी योजना से बाहर कर दिया है, जिससे कांग्रेस की कथनी व करनी जनता के सामने आ गई है।

-----------------------------------------------------------------

**दृष्टिबाधित**

राजधानी शिमला में पिछले 9 सौ 76 दिनों से अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे दृष्टिबाधितों ने आज सचिवालय के बाहर प्रदर्शन कर चक्का जाम किया। इस दौरान कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। दृष्टिबाधित जन संगठन के सदस्य राजेश ठाकुर ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए बैकलॉग भर्तियां व आरक्षण देने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक दृष्टिबाधितों की जायज़ मांगें पूरी नहीं करती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

-----------------------------------------------------------------